Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 11 जुलाई, 2023

सोलोमन द्वीप और चीन के बीच संबंधों में मज़बूती

सोलोमन द्वीप और चीन ने पुलिस व्यवस्था, आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर समझौतों के माध्यम से अपने संबंधों को मज़बूती प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय सोलोमन द्वीप समूह द्वारा **वर्ष 2019 में अपनी राजनयिक संबद्धता को ताइवान से चीन में बदलने के फैसले के बाद आया है।** चीन का लक्ष्य **दक्षिण प्रशांत महासागर क्षेत्र** में आर्थिक तथा भू-राजनीतिक हितों को बढ़ावा देने वाले बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव जैसी पहल के माध्यम से संबंधों एवं व्यापार का और विस्तार करना है। चीन तथा सोलोमन द्वीप के बीच बढ़ते रिश्ते क्षेत्रीय गतिशीलता को उजागर करते हैं और इसका विश्व राजनीति पर प्रभाव पड़ता है। **सोलोमन द्वीप, पापुआ न्यू गिनी के पूर्व में ओशिनिया में स्थित एक मेलानेशियन राष्ट्र है** , जिसमें 990 से अधिक द्वीप हैं। इसकी राजधानी गुआडलकैनाल स्थित होनियारा है एवं इस क्षेत्र में 30,000 वर्षों का मेलानेशियन का समृद्ध इतिहास है।

//

और पढ़ें...[सोलोमन द्वीप]

सर्वोच्च न्यायालय ने गैर-अधिसूचित वन निवासियों के अधिकारों को बरकरार रखा

[भारत के सर्वोच्च न्यायालय](#) ने हाल ही में एक सुनवाई के दौरान माना है कि **आदिवासी या पिछड़े समुदायों से परे वन निवासियों को वन भूमि से बेदखल करने से पहले सुनवाई का अधिकार है।** [वन अधिकार अधिनियम, 2006](#) के आधार पर न्यायालय का यह मानना है कि **गैर-अधिसूचित वनवासी वन समुदायों** के अभिन्न अंग हैं, भले ही सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक कारकों के कारण उन्हें आधिकारिक मान्यता न हो।

वन अधिकार अधिनियम, 2006 वन में रहने वाले **आदिवासी समुदायों** तथा अन्य पारंपरिक **वन निवासियों को कानूनी अधिकार प्रदान करता है,** ताकि उन्हें **वन संसाधनों तक पहुँच और प्रबंधन** में सक्षम बनाया जा सके। इसका उद्देश्य इन समुदायों के अधिकारों की **रक्षा करना, स्थायी वन प्रबंधन को बढ़ावा देना और उनका सामाजिक-आर्थिक कल्याण सुनिश्चित करना है।**

और पढ़ें... [वन अधिकार अधिनियम, 2006](#)

उत्पाद डिज़ाइन केंद्र और ग्रेन-एक्स प्रणाली

भारत सरकार के [इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय](#) **(MeitY)** ने [सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC),](#) **कोलकाता** में **उत्पाद डिज़ाइन केंद्र (PDC)** का उद्घाटन किया, जो प्रणाली के लिये अत्याधुनिक सुविधाएँ प्रदान करता है। यह डिज़ाइनिंग, प्रोटोटाइपिंग, विचार-विमर्श और निर्माण आदि के माध्यम से सहयोग प्रदान करता है। यह केंद्रीय क्षेत्र में **स्टार्टअप, उद्यमियों एवं [MSME](#) को अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर तथा प्रिंटिंग प्रौद्योगिकियों तक पहुँच** प्रदान कर लाभान्वित करने के लिये भी उपयुक्त है। PDC लॉन्च के अतिरिक्त आयोजन के दौरान एक क्रांतिकारी **उपस्थिति-आधारित पहचान प्रणाली,** जिसे **ग्रेन-एक्स** के नाम से जाना जाता है, का भी अनावरण किया गया। **'कृषि और पर्यावरण में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ICT अनुप्रयोगों पर राष्ट्रीय कार्यक्रम** (**AgriEnIcs**)' के एक भाग के रूप में **ICAR-IARI,** नई दिल्ली के सहयोग से विकसित **ग्रेन-एक्स दालों** की गुणवत्ता का सटीक पता लगाने के लिये मशीन विज़न तकनीक का उपयोग करता है। यह प्रणाली [e-NAM बाज़ारों](#) में **परिवर्तनकारी बदलाव लाने, गुणवत्ता-आधारित मूल्य निर्धारण को सक्षम** करने के साथ **1,200 से अधिक e-NAM से जुड़े बाज़ारों को लाभान्वित** करने के लिये प्रतिबद्ध है।

और पढ़ें...[सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC),](#), [e-NAM बाज़ारों](#)

विश्व जनसंख्या दिवस

वैश्विक जनसंख्या मुद्दों और प्रजनन स्वास्थ्य तथा अधिकारों के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को **विश्व जनसंख्या दिवस** मनाया जाता है। इसकी **शुरुआत वर्ष 1989 में संयुक्त राष्ट्र** द्वारा की गई थी। विश्व जनसंख्या दिवस का इतिहास 11 जुलाई, 1987 से शुरू होता है जब **वैश्विक जनसंख्या पाँच अरब** तक पहुँच गई थी। इस दिवस की शुरुआत के साथ ही गरीबी, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं धारणीयता जैसी जनसंख्या संबंधी चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता को समझने एवं इसके विषय में जागरूक करने का प्रयास शुरू हुआ। विश्व जनसंख्या दिवस 2023 की थीम है "महिलाओं और लड़कियों की आवाज़ को बुलंद कर लैंगिक समानता की शक्ति और मौजूद असीमित संभावनाओं को उजागर करना" (**Unleashing the power of gender equality: Uplifting the voices of women and girls to unlock our world's infinite possibilities."**)।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-11-july-2023